**Seventeenth Loksabha**

>

Title: The Speaker made announcement regarding people's participation for Food-Nutrition Programme and involvement of Members theirin.

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, सितंबर माह में देश में पोषण अभियान की शुरुआत होगी। हम सब माननीय सदस्यगण, हमारी सक्रिय भागीदारी के माध्यम से इस देश से कुपोषण को समाप्त कर सकते हैं।

…(व्यवधान)

**प्रो. सौगत राय (दमदम) :** सर, पोषण का मतलब न्यूट्रिशन है? …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** हां, पोषण मतलब न्यूट्रिशन।

…(व्यवधान)

**श्री कल्याण बनर्जी (श्रीरामपुर) :** सर, आप इतने कठिन-कठिन हिंदी शब्द बोलते हैं। …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** यह हिन्दुस्तान की संसद है।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** हम सब सक्रिय जन-भागीदारी के माध्यम से, पौष्टिक भोजन के माध्यम से, आने वाले समय में इस देश से कुपोषण को समाप्त कर सकते हैं। मैंने स्वयं अपने लोक सभा क्षेत्र में कुपोषित मां को जन-भागीदारी के माध्यम से, ताकि कुपोषित मां को अच्छा पौष्टिक आहार मिले। इससे मां भी कुपोषित होने से बचेगी और आने वाली पीढ़ी भी स्वस्थ्य होगी।

मेरा आप सबसे आग्रह है कि हम सब इस अभियान में जन-भागीदारी निभाकर एक जनांदोलन खड़ा करें। आजादी के 70 सालों के बाद हमारे प्रधान

मंत्री जी, हमारे सदन के नेता ने भी यह फैसला किया है कि इस देश से कुपोषण समाप्त होगा । हम कुपोषण को समाप्त करने में अपनी जन-भागीदारी दिखाएं ।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** अब मैं श्रीमती स्मृति ईरानी जी से आग्रह करूंगा कि वे अपना वक्तव्य दें ।

…(व्यवधान)

**THE MINISTER OF WOMEN AND CHILD DEVELOPMENT AND MINISTER OF TEXTILES (SHRIMATI SMRITI ZUBIN IRANI):** *….* Sir, here, Kalyan da has stated that he is unable to understand Hindi. But I have to try to speak in Hindi or English because other hon. Members cannot speak Bengali.

But, today, I rise to appreciate your concern with regard to the nutritional challenge faced by women and children across the country. This House has witnessed that for two days, under your leadership, we discussed issues pertaining to safety and security of children and today, Sir, you have initiated a concern, a talk amongst our Members of Parliament with regard to nutritional security for children.*

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके प्रति विशेष रूप से आभार इसलिए प्रकट करती हूं, क्योंकि पूरे विश्व में हर साल 1 अगस्त से लेकर 7 अगस्त तक वर्ल्ड ब्रेस्ट फीडिंग वीक मनाया जाता है । आज इसी सप्ताह में आपने न्यूट्रिशन के ऊपर अपनी चिंता व्यक्त कर के हमें कृतज्ञ किया है । बच्चे के जीवन के पहले हज़ार दिन उसे कुपोषण से बचा सकते हैं ।

मैं आपके माध्यम से पूरे सदन के मेंबर्स से आग्रह करना चाहती हूं कि प्रत्येक राज्य में फूड और न्यूट्रिशन बोर्ड, ज़िलावार, ब्लॉकवार और गांववार, ब्रेस्ट फीडिंग को किस प्रकार बढ़ावा दिया जाए, ताकि बच्चा जन्म के पहले एक घंटे में ही मां से पौष्टिक गाढ़ा दूध प्राप्त करे, इसमें अगर सारे के सारे सदन के मेंबरान अपनी कांस्टिट्यूएंसी में कहां-कहां ब्रेस्ट फीडिंग वीक मनाया जा रहा है अथवा अगर आपको लगता है कि आपके यहां इसे प्रॉपर्ली नहीं मनाया जा रहा है, तो आप मुझसे संपर्क करें, ताकि हम उसमें आपकी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें ।

अध्यक्ष महोदय, आपने पोषण अभियान का उल्लेख किया, जिसकी शुरुआत प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में हुई, लेकिन क्या प्रधान मंत्री जी पोषण के संदर्भ में मात्र तब ही चिंतित हुए, जब वे प्रधान मंत्री बने? ऐसा नहीं है । जब वे प्रदेश के मुख्य मंत्री थे, तब उन्होंने कई ऐसे कार्यक्रम किए, जिनमें से एक का मैं यहां विशेष रूप से उल्लेख करना चाहती हूं, जिसे सांसद बिना किसी कॉस्ट के अगर आज चाहें तो अडेप्ट कर सकते हैं । यह कार्यक्रम है – ‘तिथि भोजन’ । जब मुझे आशीर्वाद मिला कि मैं प्रकाश जी और निशंक जी की तरह शिक्षा मंत्रालय में थी, तब वर्ष 2015 में मैंने सभी राज्यों से, सभी सांसदों से यह अपील की थी कि आप ‘तिथि भोजन’ के कॉन्सेप्ट को एक्सेप्ट करें। ‘तिथि भोजन’ क्या है? हम सब अपने परिवारों में अपने प्रियजनों का जन्मदिन या मैरिज एनिवर्सरी मनाते हैं ।

**<u>12.00 hrs</u>**

हम जितना पैसा केक काटने या मिठाई बांटने में खर्च करते हैं, उतने ही पैसे में एक स्पेशल मिड डे मील, ‘तिथि भोजन’ हम मिड डे मील के अंतर्गत सरकारी स्कूल या आंगनबाड़ी में अपने और अपने परिवार की ओर से करवा सकते हैं? इसके लिए हम बाकी जनप्रतिनिधियों को अपने क्षेत्र में प्रोत्साहित कर सकते हैं । सभी सांसद लायंस क्लब, रोटरी क्लब और अन्य ऐसी स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ काम करते हैं । सभी सांसद अपने-अपने क्षेत्र में किसी न किसी फैक्ट्री ऑनर को जानते हैं, किसी न किसी वेलफेयर एसोसिएशन को जानते हैं या ट्रेड एसोसिएशन को जानते हैं । हम उनसे भी और अपने-अपने क्षेत्र के

दिग्गजों से भी इसके लिए अपील कर सकते हैं । यह तिथि भोजन का कांसेप्ट वालंटरी कांसेप्ट है, इसे किसी पर थोपा नहीं जा सकता है । हम सब इतने संवेदनशील हैं कि हमने इस प्रकार का कोई न कोई आयोजन किया है । अगर हम अपने से शुरुआत करते हैं तो मुझे निश्चित ही इस बात का आभास है कि आपके क्षेत्र में बाकी लोग भी आपके चलन को देखते हुए इस विषय को अपनाएंगे ।

अध्यक्ष महोदय, दूसरी बात आपने कही थी कि जन भागीदारी बने । वर्तमान में 14 लाख फील्ड फंक्शनरीज न्यूट्रीशन के संदर्भ में, पोषण के संदर्भ में देश भर में काम कर रही हैं । इसके 7 हजार 75 प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं । मैं आपके माध्यम से सभी सांसदों से अपील करती हूं । यहां पर स्वास्थ मंत्री भी बैठे हैं । पोषण अभियान मात्र डब्ल्यू.सी.डी. का कार्यक्रम नहीं है, मात्र प्रधान मंत्री जी का कार्यक्रम नहीं है, इसमें भारत सरकार के 15 मंत्रालयों का समन्वय से योगदान होता है, नीति आयोग के साथ-साथ । मेरा आग्रह है और हैल्थ मिनिस्ट्री भी एनिमिया मुक्त भारत के लिए कोशिश कर रही है । हैल्थ मिनिस्ट्री का टी-3 नाम का एक प्रोजेक्ट है, ताकि महिलाएं और बच्चे एनिमिया से मुक्त हों । यह एडोलिसेंट गर्ल्स के साथ-साथ एडोलिसेंट बॉयज में भी पाया जाता है । जब आप अपने डिस्ट्रिक्ट में दिशा की मीटिंग करते हैं तो आप विशेष टी-3 कार्यक्रम के बारे में अपने हैल्थ ऑफिसर से जानकारी ले सकते हैं । हर गांव में विलेज हैल्थ सैनिटेशन एण्ड न्यूट्रीशन कमेटी का गठन होना अनिवार्य है । आप अपने क्षेत्र में पूछ सकते हैं कि क्या मेरे क्षेत्र के सभी गांव में विलेज हैल्थ सैनिटेशन और न्यूट्रीशन कमेटी का गठन हुआ है?

अध्यक्ष महोदय, तीसरी बात है कि मैं आपके माध्यम से अपील करना चाहती हूं कि हर गांव में हर मां विलेज हैल्थ न्यूट्रीशन डे मनाना हमारी ओर से प्रस्तावित है, हैल्थ मिनिस्ट्री की ओर से प्रस्तावित है । अगली बार जब आप अपने क्षेत्र में जाएं, आपको अपने क्षेत्र में महीने में एक ही दिन मनाना है । …(व्यवधान) आप उसमें भागीदारी दे सकते हैं । कल्याण बनर्जी जी कह रहे हैं कि मैं 17 जून

से यहीं पर हूं, मैं फील्ड में कैसे जाऊं । मुझे लगता है कि उनकी राजनीति जब तक सीमित नहीं हो जाती है, तब वह सदन में हैं । उनके कई ऐसे राजनीतिक कार्यकर्ता होंगे, कई ऐसे लोग होंगे, जो महिला और बच्चे के उत्थान के लिए अपनी अग्रिम भूमिका निभाना चाहते हों । MPs are influencers also socially. So, whatever might divide us politically, at least socially we can all, under your leadership and that of the Prime Minister, come together to resolve for a malnutrition-free India. My grateful thanks to you, hon. Speaker, for at least allowing me. Sir, normally you do not allow any MP. लेकिन आज आपने कहा था कि जो सदन में पहली बार एम.पी. बना है, तो मैं भी पहली बार बनी हूं । उस दृष्टि से आपके सम्मुख मैं यह प्रस्तुत करना चाहती हूं । We have, through the Ministry, for only the Nutrition Abhiyan, created a whole protocol that *Jan Pratinidhis* can undertake. With your permission, Sir, I would like to share it with all the Members of the House so that they know what is the protocol that they can be a part of.

I reiterate, Sir, that the first thousand days are extremely important. We in the country are celebrating in conjunction with all States, the World Breastfeeding Week. Let us begin by protecting our children against malnutrition from the day, the minute they are born. Thank you, Sir.

**श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर):** अध्यक्ष महोदय, आपको जो चिंता है और आपकी चिंता के साथ-साथ मंत्री जी ने जो अपनी इच्छा व्यक्त की है, हम सब उसका स्वागत करते हैं । जब हिन्दुस्तान आजाद हुआ था तो हमारे देश के आम लोगों की औसत आयु 28 से 30 साल थी । धीरे-धीरे यह आयु बढ़ते-बढ़ते आज 70 साल पहुंच गई है । हिन्दुस्तान में यह कार्यक्रम और कुपोषण के खिलाफ जंग

आज से नहीं है, आजादी के बाद से चलाई जा रही है । इसके लिए आई.सी.डी.एस. और मिड डे मील इत्यादि तरह-तरह की स्कीम्स हैं ।

**श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर):** सर, मैं दूसरे पहलू पर आपका और इस सदन का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं । यह सरकार हर बात में खुद की वाह-वाही करती रही है, लेकिन हिन्दुस्तान के आर्थिक हालात चरमराते जा रहे हैं, जर्जर होते जा रहे हैं । यह मैं नहीं कहता हूं, यह सी.ए.जी. कहता है । The Comptroller and Auditor General of India has pointed out lacuna in the Goods and Services Tax regime. …(*Interruptions*). The CAG is saying that even after two years of rollout of GST, system validated Input Tax Credit through invoice matching is not in place and non-intrusive e-tax system still remains elusive. …(*Interruptions*) सर मुझे बोलने दीजिए ।

**माननीय अध्यक्ष:** आप डिबेट में बोल लेना ।

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल):** जो राहुल गांधी जी का ट्वीट था, आप उसी को रिपीट कर रहे हैं ।

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** यह सी.ए.जी. की रिपोर्ट है । In its report on GST for 2017-18, tabled in Parliament on Tuesday, the CAG said tax collection under GST slowed down in the first year of its rollout. …(*Interruptions*)

**12.06hrs**

## JALLIANWALA BAGH NATIONAL MEMORIAL (AMENDMENT) BILL, 2019